कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा–201306

संख्या–एफ–चार–01/2022–23–मॉन्टेसरी स्कूल दिनांक 22/07/2022

विज्ञापन

यह सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल ग्रेटर नोएडा गॉव–सुतियाना, उत्तर प्रदेश के मॉन्टेसरी स्कूल में नर्सरी व के0जी0 कक्षाओं के बच्चों की देख–भाल हेतु दिनांक 31/05/2023 तक की अवधि के लिए आया पद पर महिला आयाओं की आवश्यकता है। जिन्हें साक्षात्कार के आधार पर अस्थाई नियुक्ति दी जायेगी। आया पद के लिए रू0 6,500/-- (छः हजार पॉच सौ) मात्र प्रतिमाह की दर से मानदेय की राशि भुगतान की जायेगी। शैक्षणिक योग्यता पॉचवी कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो। इच्छुक उम्मीदवार आया पद के लिए दिनांक **28/07/2022 को 17:30 बजे** तक आवेदन पत्र पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केरिपुबल ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश कार्यालय में जमा करा सकते है। आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक **29/07/2022 को 10:00 बजे** तक पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केरिपुबल ग्रेटर नोएडा में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। इसके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग से पत्राचार द्वारा कोई सूचना नहीं दी जायेगी। साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा साथ लेकर आयेगे।

नोटः– क) चयन प्रक्रिया की तिथि प्रशासनिक कारणों से कभी भी रद्द व संशोधित की जा सकती है।

ख) चयन के पश्चात बिना कारण बताये नियुक्ति कभी भी रद्द की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा